जल जीवन मिशन घोटाले के पांच आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

- गणपति ट्यूबवेल के प्रोपराइटर महेश मित्तल, उसके बेटे हेमन्त मित्तल, श्याम ट्यूबवेल के प्रोपराइटर पीयूष जैन, मैनेजर उमेश शर्मा और पीएचईडी के तत्कालीन लेखाधिकारी गोपाल ने मांगी थी जमानत
- एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने जमानत याचिका रद्द करते हुए कहा कि, ''आरोपियों पर गंभीर आरोप है और प्रकरण में जांच लंबित है। ऐसे में आरोपियों को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।''

जयपुर (कासं)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 ने प्रदेश के चर्चित जल जीवन मिशन घोटाले से जुडे मामले में पांच आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने गणपति ट्यूबवेल का प्रोपराइटर महेश कुमार मित्तल, उसके बेटे हेमन्त मित्तल, श्याम ट्यूबवेल के प्रोपराइटर पीयूष जैन, मैनेजर उमेश कुमार शर्मा और पीएचईडी के तत्कालीन लेखाधिकारी गोपाल की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपियों पर गंभीर आरोप है और प्रकरण में जांच लंबित है। ऐसे में आरोपियों को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।

जमानत अर्जी में कहा गया कि एसीबी ने उन्हें प्रकरण में गलत तरीके से फंसाया है। एसीबी के पास उनके खिलाफ कोई साक्ष्य भी नहीं हैं। इसके अलावा वे लंबे समय से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक शालिनी गौतम ने अदालत को बताया कि मामले में एसीबी ने इन आरोपियों की मोबाइल बातचीत को रिकॉर्ड किया था। वहीं प्रकरण में कोर्ट में चालान पेश होने की जानकारी मिलने पर आरोपी फरार हो गए थे। जल जीवन मिशन में करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर एसीबी ने साल 2023 में मामला दर्ज किया था। एसीबी जांच में सामने आया कि प्रोजेक्ट को लेकर साल 2021-22 में दो टेंडर निकले थे। जिसमें आरोपियों ने मिलीभगत कर टेंडर हासिल किए थे। वहीं काम में अनियमिता व घटिया काम कर मेजरमेंट बुक में गलत जानकारी भरकर राजकोष से करोड़ों रु. निकाले गए। आरोपियों ने राजकोष से अनियमिता से रकम निकाल कर विभागीय अधिकारियों को रिश्वत देकर अनुचित रूप से निजी फायदा कमाया। एसीबी ने मामले में पूर्व में छह अन्य के खिलाफ जांच कर आरोप पत्र पेश किया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत के आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

सात माह पहले हुई थी शादी, महेश नगर थाना पुलिस जांच में जुटी

जयपुर । महेश नगर इलाके में नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया और कॉलोनी में सनसनी फैल गई। परिजन उसे तुरंत उसे नीचे उतार एसएमएस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उपचार दौरान उसने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस को विवाहिता के आत्महत्या के कारणा का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि गुर्जर की थड़ी स्थित बाबा रामदेव नगर कच्ची बस्ती निवासी अंजली (19) पुत्री मोहन लाल ने सुसाइड किया है। करीब 7 महीने पहले उसकी शादी दिल्ली में हुई थी। शादी के बाद ससुराल में रहने के दौरान कुछ दिन पहले ही वह अपने पीहर आई थी। गुरुवार शाम को फैमिली मेंबर अपने-अपने काम में लगे थे। शाम करीब सवा 7 बजे अंजली ने कमरा अंदर से बंदकर फंदा लगा लिया। गेट बंद देखकर परिजनों ने आवाज दी। गेट खटखटाने के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर परिजनों ने धक्का देकर गेट खोला तो अंदर अंजली फंदे से लटकी मिली। परिजनों ने तुरंत फंदे से नीचे उतार अंजली को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शुक्रवार दोपहर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है।

सार-समाचार

ब्राह्मण समाज की ओर से पौष बड़ा आज

जयपुर (कासं)। समस्त ब्राह्मण समाज के प्रमुख संगठन सप्त ऋषि मंडल की ओर से पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन रविवार को किया जाएगा। यह आयोजन एंटरटेनमेंट पैराडाइज़ (ईपी), जवाहर सर्किल, जयपुर में दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा। कार्यक्रम का आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज और मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर के महन्त कैलाश शर्मा की प्रेरणा से किया जा रहा है। सप्त ऋषि मंडल के संयोजक पंडित देवी शंकर शर्मा ने बताया कि महोत्सव की विशेषता 5100 दीपकों की भव्य आरती होगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। आयोजन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक मूल्यों, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। समन्वयक हरि शर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता से होगी। पश्चात सायं 4 बजे से बालिकाओं की ड्रेस एवं संगीत-नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभाशाली बालिकाएँ अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। सायं 5:30 बजे भगवान परशुराम की आरती संपन्न होगी, जिसमें 5100 दीपकों से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। इसके पश्चात सायं 6 बजे से पौष बड़ा प्रसादी महोत्सव का शुभारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक पौष बड़ा प्रसादी का लाभ लेंगे।

मुख्य सचिव ने किया औचक निरीक्षण

जयपुर (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बनीपार्क जयपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने राज्य में संचालित आईटीआई की कार्यप्रणाली एवं विकास की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने संस्थान के कक्षाओं, कार्यशालाओं एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षुओं, स्टाफ एवं फैकल्टी सदस्यों से संवाद किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं एवं रोजगारोन्मुखी कौशल विकास पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनीपार्क का इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने के निर्देश दिए गये। आईटीआई में मारुति सुजुकी, सिमेंस, सैमसंग, पिडीलाइट एंव अन्य इंडस्ट्रीज द्वारा बनाई गई कार्यशाला की सराहना की। साथ ही इसी प्रकार अन्य उद्योगों के सहयोग से उन्नत कार्याशाला विकसित करने पर बल दिया। इसके बाद मुख्य सचिव ने आईटीआई के सभी अनुदेशकों के साथ प्रमुख मुद्दों पर वार्ता की। उन्होंने पीएम सेतु स्कीम के संचालन एवं कियान्वन पर जोर दिया।

शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर। ''तृतीय जयपुर चेस क्लब रेपिड चेस टूर्नामेंट 2026'' का आयोजन ब्राइट फ्यूचर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, निर्माण नगर जयपुर में किया गया। कोऑर्डिनेटर जिनेश कुमार जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि समाज गौरव जे. के. जैन अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तथा टूर्नामेंट का अवलोकन किया। जे. के. जैन ने इंटरनेशनल चैपियन तीशा ब्याडवाल के साथ प्रथम चाल चलकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शतरंज खेल निरंतर प्रगति कर रहा है। जयपुर चेस क्लब द्वारा इस प्रकार के उत्कृष्ट, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित टूर्नामेंट का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। शतरंज एक बौद्धिक, रणनीतिक एवं श्रेष्ठ खेल है, जिसे मैं स्वयं भी अत्यंत पसंद करता हूं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शतरंज के विकास हेतु जहाँ भी संभव होगा, वे एवं उनकी पूरी टीम हर प्रकार का सहयोग प्रदान करेंगे। जेडीसीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 41 प्रतिभागी इंटरनेशनल रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी है, जो जयपुर में शतरंज के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। कार्यक्रम में जेडीसीए के संयुक्त सचिव नीतुल खरे, जयपुर चेस क्लब के पदाधिकारी, खिलाड़ी और उनके अभिभावक मौजूद थे।

कानाराम धायल प्रदेश महासचिव बने

जयपुर (कासं)। भारतीय किसान यूनियन टिकट के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजाराम मील ने कानाराम धायल को राजस्थान प्रदेश भारतीय किसान यूनियन टिकट का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। उन्होंने कानाराम को बधाई देते हुए कहा है कि, किसानों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए उनके समाधान के लिए प्रयास करें।

राज्यपाल से मिले पूर्व कुलपति संघ के प्रतिनिधि

जयपुर (कासं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में राजस्थान पूर्व कुलपति संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी। शिष्टमंडल ने राज्य की वर्तमान शैक्षिणक स्थिति और उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर राज्यपाल के साथ विस्तृत चर्चा की। संघ के सदस्यों ने प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में चल रही शैक्षिणक गतिविधियों, शोध कार्यों और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव और जानकारी साझा की। इस अवसर पर राजस्थान पूर्व कुलपति संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति उपस्थित रहे।

जेडीए कमिश्नर ने किया सांगानेर का दौरा

सिद्धार्थ महाजन ने सांगानेर एलिवेटेड रोड, सांगानेर रेलवे फाटक पर आर.ओ.बी. और सेक्टर रोड के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए

जयपुर । जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने शनिवार को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ निदेशक अभियांत्रिकी (प्रथम एवं द्वितीय), संबंधित जोन उपायुक्त और अभियंता, उद्यानिकी अधिकारी उपस्थित रहे। जेडीसी ने सांगा सेतु से मालपुरा गेट (वाया चोरड़िया पेट्रोल पंप) तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के एलाइनमेंट और तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस परियोजना के निर्माण में आ रही सभी बाधाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि कार्य जल्द शुरू हो सके।

कल्याणपुरा आरओबी से रामपुरा रोड होते हुए

- जेडीसी ने पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने और सड़क निर्माण के कार्य का जायजा भी लिया

प्रस्तावित सेक्टर रोड के निर्माण में आ रही समस्याओं और अतिक्रमणों का जायजा लिया गया। महाजन ने जोन उपायुक्त को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में न्यायालय में वाद-विवाद चल रहा है, उनमें प्रभावी पैरवी की जाए और अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि, सांगानेर रेलवे स्टेशन के पास स्थित फाटक पर दो लेन आरओबी का निर्माण रेलवे विभाग द्वारा करवाया जाना प्रस्तावित है। सांगानेर रेलवे स्टेशन के पास स्थित फाटक पर रेलवे विभाग द्वारा प्रस्तावित दो लेन आरओबी के लिए भूमि की उपलब्धता पर चर्चा की गई। जेडीसी ने निर्देश दिए कि इस आरओबी के लिए जेडीए द्वारा भूमि अवाप्ति की कार्यवाही नियमानुसार तुरंत प्रभाव से शुरू की जाए और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव अनुसार भूमि उपलब्ध करवाई जाए।

जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने शनिवार को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

जेडीए कमिश्नर ने वंदे मातरम रोड एवं भारत माता सर्किल पर स्थित अतिक्रमणों को लेकर नाराजगी जताई और कोर्ट स्टे वाले मामलों में पुख्ता पैरवी कर अतिक्रमण हटाकर यातायात सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने वंदे मातरम रोड के दोनों और प्रस्तावित ग्रीन बेल्ट, मीडियन, सर्किल का भी निरीक्षण किया। जेडीसी ने उद्यानिकी शाखा को निर्देश दिए कि इस कार्य के निर्माण से पूर्व देशभर के मुख्य शहरों जैसे दिल्ली-चंडीगढ़ आदि में रोड साइड प्लांटेशन मॉडल का अध्ययन किया जाए। इसके लिए उद्यानिकी शाखा के अधिकारियों की एक टीम अगले सप्ताह अन्य राज्यों का दौरा करें, जिससे जयपुर में भी विश्वस्तरीय प्लांटेशन एवं सौंदर्यकरण कार्य किए जा सके, और यह रोड एक मॉडल रोड के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने संबंधित इंजीनियर्स से सड़क और ग्रीन बेल्ट में किए जाने वाले सौंदर्यकरण एवं विकास कार्य यथा सिंथेटिक ट्रैक साइकिल ट्रैक एवं अन्य कार्य के संबंध में विस्तार जानकारी प्राप्त की। महाजन द्वारा न्यू सांगानेर रोड एवं वीटी रोड का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि बीआरटीएस कॉरिडोर को पूर्ण रूप से हटवा दिया गया है और यहां सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य करवाए जा रहे है। जेडीसी ने पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने और सड़क निर्माण के कार्य का जायजा भी लिया।

महिला को 3 तलाक बोल घर से निकाला

जयपुर । लाल कोठी इलाके में विशेष समुदाय की महिला को उसके मोबाइल पर कॉल कर तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट से मिले इस्तगासे के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। आरोपी पति ने उसके साथ मारपीट की और तीन तलाक कहते हुए धक्का मार कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर में रहने वाली 28 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज कराया है कि कुछ साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपी पति उसके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि नवम्बर-2025 में आरोपी पति ने उसको धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया।

लक्षिता गोयल को पीएचडी की उपाधि

जयपुर । आईआईएस यूनिवर्सिटी जयपुर ने लक्षिता गोयल को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की डिग्री के लिए योग्य घोषित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने अकादमिक परिषद द्वारा दी जाने वाली मंजूरी की प्रत्याशा में लक्षिता द्वारा प्रस्तुत थीसिस को स्वीकार कर लिया है। ज्ञात रहे कि लक्षिता गोयल ने मैनेजमेंट स्टडीज विषय पर ''राजस्थान के स्वर्ण आभूषण व्यापारिक घरानों की मार्केटिंग रणनीतियां'' विषय पर शोध कार्य किया है। उन्होंने यह शोध कार्य पर्यवेक्षक प्रो. दीपिका सिंह की देखरेख में पूरा किया। लक्षिता गोयल को आगामी दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान की जाएगी।

4 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम ने शिवदासपुरा थाना इलाके में नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 79 ग्राम अवैध स्मैक और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त स्मैक की बाजार कीमत करीब चार लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत ने बताया कि सीएसटी ने शिवदासपुरा में कार्रवाई करते हुए राहुल खरे निवासी अलेरा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार किया।

यू-ट्यूब चैनल देखकर दो युवक बने तांत्रिक

- रिश्तेदार की बीमारी का इलाज करने पहुंचे थे श्मशान घाट
- पूजा कर रहे दोनों युवको को स्थानीय लोगों ने पीटा
- सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में दोनों युवको को पकड़ा

जयपुर (करां)। महेश नगर थाना इलाके में दो युवकों को यू-ट्यूब चैनल देखकर तंत्र विद्या करना भारी पड़ गया । स्थानीय लोगों ने शमशान घाट में दोनों युवको को तंत्र विद्या करते देख पकड़ लिया और दोनों की जमकर धुनाई कर दी। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवको को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

हैड कॉन्स्टेबल धर्मवीर सिंह ने बताया कि इलाके में स्थित राम नगर विस्तार निवासी 40 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनकी 15 साल की बेटी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। रामनगर विस्तार स्थित श्मशान घाट में गुरुवार को अंतिम संस्कार किया था। अंतिम संस्कार कर परिवार-रिश्तेदार सभी घर लौट गए थे। शुक्रवार सुबह करीब पौने 12 बजे शांति कुमार (47) और सुरेश कुमार (40) निवासी झालाना डूंगरी निवासी श्मशान घाट पहुंचे। श्मशान घाट आने के बाद दोनों अस्थियों से छेड़छाड़ कर तांत्रिक विद्या करने लगे। श्मशान घाट की देखरेख करने वालों ने अस्थियों के पास लोगों को अजीब हरकत करते देखकर पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर दोनों ने मृतका के रिश्तेदार होने का बहाना बनाया। हंगामा होने पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। शक होने पर अंतिम संस्कार करके गए परिजनों को जानकारी दी गई।

सूचना मिलने पर रिश्तेदार और परिजन भी मौके पर पहुंच गए और झूठ का पता चलने पर उन्होंने शांति कुमार और सुरेश की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो आरोपियों को थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की तो पता चला की वो यू -ट्यूब चैनल देख कर अपने रिश्तेदार की बीमारी दूर करने के लिए तंत्र विद्या करने आए थे।

भारत के इतिहास में पहली बार आमजन के बीच होगी सेना दिवस परेड : भास्कर सावंत

सेना परेड दिवस की तैयारियों के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह ने ली उच्चस्तरीय बैठक

जयपुर (कासं)। जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक सेना दिवस परेड-2026 के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित होगी। शनिवार को सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सेना दिवस परेड के सफल आयोजन को लेकर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सावंत ने कहा कि यह आयोजन न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भारतीय सेना के शौर्य एवं गौरव को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ व्यापक संवाद किया गया है।

बैठक के प्रारंभ में सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने सेना दिवस परेड के आयोजन को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब सेना दिवस परेड आमजन के बीच आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा इस आयोजन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन एवं गौरव को निकट से अनुभव कर सकें। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर द्वारा दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी शैक्षिणक संस्थानों एवं संगठनों से आग्रह किया कि वे सोमवार तक परेड देखने के लिए आने वाले प्रतिभागियों की संख्या एवं विवरण उपलब्ध कराएं, जिससे व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा सकें। परेड के दौरान आमजन एवं आमंत्रित दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस सेवा, पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स, पेयजल एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं।

गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत ने सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर सेना परेड के आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की।

सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, यातायात पुलिस एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समन्वित कार्य योजना के तहत व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (यातायात) योगेश दाधीच ने पार्किंग स्थलों, रूट डायवर्जन एवं यातायात सुचारू रखने हेतु की गई तैयारियों से अवगत कराया। बैठक में सेना भर्ती एवं अन्य सैन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं,

- 'मातृशक्ति' को समर्पित होगी 9 जनवरी की सेना दिवस परेड

महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में सेना दिवस परेड देखने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार 9 जनवरी को आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड मातृशक्ति को समर्पित की गई है। इसके तहत अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा उन्हें परेड देखने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि परेड में आने वाले सभी दर्शकों को सेना से संबंधित अनुशासन, सुरक्षा मानकों एवं आचरण संबंधी दिशा-निर्देशों की पूर्व जानकारी प्रदान की जाए। बैठक में जयपुर, अलवर, अजमेर, टोंक, सीकर, कोटपूतली, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर, कुचामन-डीडवाना जिलों के अतिरिक्त जिला कलक्टर, पुलिस विभाग, आईसीडीएस, चिकित्सा, शिक्षा एवं यातायात पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विद्यार्थियों को करियर की सही दिशा देगा ''माय करियर एडवाइजर'' एप

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर हर विद्यार्थी के लिए पर्सनलाइज्ड करियर गाइडेंस सुविधा शुरू

- इस मोबाइल एप में सेल्फ रिव्यू और रिपोर्ट शेयर करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। छात्रों को 1500 से अधिक करियर विकल्पों और जॉब रोल्स की जानकारी मिलती है, जिनमें आर्ट एंड डिजाइन, बिजनेस एंड मार्केटिंग, इंजीनियरिंग, हेल्थ, स्पोर्ट्स, मीडिया, साइंस, एजुकेशन, ट्रैवल, हॉस्पिटैलिटी, एनवायरनमेंट और अन्य क्षेत्रों के अवसर शामिल हैं।

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर तैयारी करने और सही करियर विकल्प चुनने में मदद के लिए पर्सनलाइज्ड करियर गाइडेंस मिलेगा। इस दिशा में शिक्षा विभाग ने ''माय करियर एडवाइजर'' मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह नवाचार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के लिए तैयारी के साथ जागरूकता बढ़ाने और बेहतर योजना बनाने में मददगार साबित होगा। आधुनिक, एआई आधारित करियर अवेयरनेस एवं गाइडेंस ऐप कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों, अभिभावकों और काउंसलर्स के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस ऐप का विकास शिक्षा मंत्रालय एवं छब्म्त्ज्ढ्ब्ट्म् ने किया है, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और कौशल के आधार पर पर्सनलाइज्ड करियर सलाह मिलती है।

''माय करियर एडवाइजर'' एप पर विद्यार्थी तीन प्रमुख मूल्यांकनों के माध्यम से अपना सेल्फ-रिव्यू कर सकते हैं। एप्टीट्यूड टेस्ट (20 मिनट), इंटरेस्ट टेस्ट (12 मिनट) व वैल्यूज टेस्ट (14 मिनट) के माध्यम से विद्यार्थियों का परीक्षण किया जाता है। इन परीक्षणों के आधार पर ऐप विद्यार्थियों को एआई आधारित करियर इनसाइट्स और मैच्ड रोल्स सुझाता है।

इस ऐप में कॉलेज डिग्री के साथ-साथ बिना डिग्री के जॉब ऑप्शन भी उपलब्ध हैं, जिससे हर प्रकार के विद्यार्थी को मार्गदर्शन मिल सके। इस ऐप के जरिए विद्यार्थी अपनी प्रोफाइल तैयार कर सकते हैं, पसंदीदा करियर विकल्प चुन सकते हैं और अपनी सेल्फ-रिव्यू रिपोर्ट, मैच्ड रोल्स और फेवरिट्स को अभिभावकों, शिक्षकों और सलाहकारों के साथ साझा भी कर सकते हैं, जिससे करियर संबंधी निर्णय और अधिक प्रभावी हो जाता है। माय करियर एडवाइजर ऐप पर छात्रों को 1500 से अधिक करियर विकल्पों और जॉब रोल्स की जानकारी मिलती है, जिनमें आर्ट एंड डिजाइन, बिजनेस एंड मार्केटिंग, इंजीनियरिंग, हेल्थ, स्पोर्ट्स, मीडिया, साइंस, एजुकेशन, ट्रैवल, हॉस्पिटैलिटी, एनवायरनमेंट और अन्य कई क्षेत्रों के अवसर शामिल हैं। ऐप में क्रॉस-सेक्टरल रोजगार विकल्प और भविष्य की करियर संभावनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई है। राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल और माय करियर एडवाइजर ऐप के साथ राज्य के प्रत्येक विद्यार्थी को उनकी क्षमता के अनुरूप न केवल करियर संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा, बल्कि उनके हर सपने को पंख भी लगेंगे।